>

Title: Need to construct a new four-lane bridge on river Kosi at Kursela in Katihar district of Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे एक लोक महत्व के विषय पर बोलने की इजाजत दी।...(व्यवधान) बिहार राज्य के कटिहार जिला होकर गुजरने वाला एकमात्र राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 31 पर पुरसेला में कोसी नदी पर अवस्थित पुल जो सामरिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है, उसकी स्थिति बहुत ही जर्जर है। उस पुल से होकर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर पश्चिम के तमाम प्रांतों से होकर पूर्वोत्तर राज्यों के लिए वह सड़क महत्वपूर्ण है। वह राष्ट्रीय उच्च पथ है। अभी फोर लेन में कन्वर्ट हुआ है। लेकिन उस पर बने हुए ब्रिज की हालत बहुत खराब है। उसकी समय-समय पर मरम्मत होती है, लेकिन उसके बावजूद भी उस पुल की स्थिति ठीक नहीं है। आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। राजमार्ग के माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित हैं। मैं आपके माध्यम से अपील करता हूं कि अगर उस सड़क की मरम्मत पुरजोर ढंग से नहीं की गई तो बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। चूंकि वह सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 फोर लेन में कन्वर्ट है। उस पर फोर लेन पुल बनाने की व्यवस्था जल्दी से जल्दी की जाए। स्थिति यह है कि उस सड़क पर ऐसे जाम लगते हैं जिससे दो-दो दिन तक लोगों की गाड़ियां उस पुल और उसके दोनों किनारों पर खड़ी रहती हैं। लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए मैं इस लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि उस पुल को तवज्जह मिले और जल्द से जल्द उस पर फोर लेन का पुल बने।